nandgaon times feb-10-2.qxd 2/9/2025 10:49 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

सोमवार, 10 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 118, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराए 31 नक्सली, 2 जवान हुए शहीद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच हुए एनकाउंटर में 31 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया गया है। इसमें 2 जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है, इसमें कुछ बड़े नक्सली भी हो सकते हैं। बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर की संयुक्त पार्टी और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं।

मुठभेड़ के दौरान दो जवान बलिदान हो गए, जबकि दो अन्य जवान घायल हुए। दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मुठभेड़ स्थल से बड़ी संख्या में नक्सलियों के हथियार बरामद किए गए हैं, जिसमें एक-47, एसएलआर, इंसास राइफल, 303 राइफल,बीजीएल लांचर और विस्फोटक सामग्री शामिल है। मुठभेड़ के बाद अतिरिक्त बल को इलाके में भेजा गया है। सर्च अभियान अभी भी जारी है और विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद दी जाएगी। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक नहीं होने दी जाएगी और सर्च ऑपरेशन के तहत नक्सल गतिविधियों का राजफाश करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि शहीद जवानों में एसटीएफ व डीआरजी के हैं। मुठभेड़ में वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मौके के लिए रि-इंफोर्समेंट फोर्स रवाना किया गया है। इसके साथ ही इलाके में सर्चिंग अभियान भी जारी है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल लगातार नक्सलियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। बीजापुर के फरसेगढ़ थाना नेशनल पार्क क्षेत्र में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर रविवार सुबह मुठभेड़ हुई थी। डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ सी-60 के जवानों के साथ सुबह 8 बजे से मुठभेड़ जारी होने पुष्टि की थी। अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इसमें से कई बड़े कैडर के नक्सली शामिल हो सकते हैं। अभी भी जंगल में सर्चिंग अभियान जारी है, जिसमें और भी नक्सलियों के शव बरामद हो सकते हैं। नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि सुबह से मुठभेड़ चल रही है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर नेशनल पार्क एरिया में आज सुबह से मुठभेड़ जारी है, जिसमें वीर जवानों ने नक्सलियों को ढ़ेर किया है। वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। दुर्भाग्यवश हमारे 2 जवान शहीद हुए हैं, उनको मै शत् शत् नमन करता हूं। यह उनका सर्वोच्च बलिदान है। ईश्वर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करे। घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### भारी मात्रा में हथियार बरामद



# जपं क्षेत्र क्रमांक 18 से रोशनी योगेन्द्र वैष्णव का धुआंधार जनसंपर्क

### मिल रहा भारी जन समर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से कांग्रेस प्रत्याशी रोशनी योगेन्द्र वैष्णव ने अपना धुआंधार जनसंपर्क जारी रखा है। जनसंपर्क के दौरान उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है।

उल्लेखनीय की रोशनी योगेन्द्र वैष्णव ने राजनंदगांव जनपद पंचायत के दो जनपद सदस्य रहते हुए क्षेत्र में अनेक अनेक और करोड़ों के विकास निर्माण कार्य करवाए तेज तर्रार हैं। जिसका लाभ उन्हें जीत के रूप में निश्चित मिल रहा है और यह भी संभावना जताई जा रही है कि वह जनपद पंचायत में कांग्रेस के बहुमत आने पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पद की दावेदार हो सकती है। क्योंकि दो बार जनपद सदन बात रखने तरीका तथा अधिकारी से अच्छा व्यवहार कर क्षेत्र कामों निदान किया गया धामनसरा, उसडीबोड, भोथीपार खुर्द पुराना पारा, ढोडिया, भोडिया, आलीखुटा, रानीतरई, भोथीपार खुर्द नया पारा एवं समस्त मतदातागण क्षेत्र क्र. 18 के अंतर्गत आज रानीतरई और आलीखुटा उसडीबोड में उन्होंने जनसंपर्क करेंगे अपने पक्ष में किया जाएगा है। बाकी गांव में भोथीपार खुर्द नया पारा भोथीपार खुर्द पुराना पारा ढोडिया भोडिया उनके समर्थक समर्थक बड़ी संख्या में जुढते जा रहे हैं। अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान शासकीय योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बिजली पानी सड़क और स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में सुख दु:ख तथा धार्मिक सांस्कृतिक समाजिक खेलकूद आयोजन तथा विकास कार्य कराए जा चुके हैं तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बता रही है। जिससे लोग जमकर आकर्षित हो रहे हैं।



# संस्कारधानी की महिलाओं ने ठाना है- दीपा लव रामटेके



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कुछ प्रत्यक्ष कुछ अप्रत्यक्ष संस्कारधानी के लोगों ने अपना सहयोग देने का वादा किया है. शहर का हर वर्ग चाहता है कि शहर का विकास हो. जिनके हाथों शासन सत्ता है और थी उन लोगों ने शहर को केवल भ्रष्टाचार ही परोशा है, लोगों को नशा की ढकेला है जिससे शहर में अपराध बढ़ा है, आये दिन आप समाचार में पढते है. सत्ताधीन लोगों ने शहर का विकास नहीं किया है, शहर में हर ओर लोगों की नाराजगी दिख रही है. शहर यह भी जान चुका है कि राजनीतिक दलों में आपसी गुटबाजी चल रही है जिसके चलते शहर का विकास नही हुआ और ना ही भविष्य में विकास की कोई आशा है।शहर का हर तबका राजनीति से ऊपर सोच रहा है और शहर का विकास चाहता है. शहर की राजनीति अब छुपी नहीं है, लोग बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड रहे है. अन्तहकल्ह को खामयाजा शहर को झेलना पड रहा है, शहर की जनता अब बहकावे में नहीं आने वाली है, जितना जोर लगा ले, शहर में महिलाओं की संख्या है तो ज्यादा है, जिनका पूरा सपोट लैपटॉप पर है और नगर की महिलाओं ने ठाना है अब की बार महापौर तो दीपा लव रामटेके को ही बनाना है।

# लालबाग वार्ड नं. 23 में महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने किया सघन जनसंपर्क







### भाजपा पार्षद प्रत्याशी राजा मखीजा को वार्डवासियों का मिल रहा भारी समर्थन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम वादा क्रमांक 23 गुरु गोविंद सिंह वार्ड में महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा पार्षद प्रत्याशी राजा मखीजा के लिए वार्ड के मतदाताओं से भारी बहुमत से जीताने के लिए अपील करते हुए सघन जनसंपर्क किया। श्री मखीजा को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से वार्ड वासियों में भारी प्रसन्नता व्याप्त है। वही भाजपा के कार्यकाल में हुए करोड़ों के विकास निर्माण कार्य को लेकर प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं। क्योंकि इस बार भाजपा की सत्ता है और अधिक तेज गति से विकास निर्माण कार्य हो इस मनसा से वार्डवासी श्री मखीजा को पार्षद चुनने के लिए 11 फरवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लोगों के उत्साह को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि श्री मखीजा की एक तरफ़ा जीत तय है। इस संबंध में भाजपा पार्षद प्रत्याशी राजा मखीजा का कहना है कि अधूरी विकास निर्माण कार्यों को पूरा करने तथा अनेक नए विकास निर्माण कार्य करने की मंशा के साथ वार्ड वासियों को बुनियादी सुविधाएं समुचित रूप से उपलब्ध कराने के लिए उनका सतत प्रयास जारी रहेगा और यह सब अनुभवी मार्गदर्शन एवं वार्ड के प्रमुख लोगों के साथ राय सुमारी करके जुटाते रहेंगे। आज वार्ड में भव्य रैली वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश दुलानी और अमर लालवानी के मार्गदर्शन में निकल गई। जिसका वार्ड वासियों में अच्छा प्रतिसाद मिला।

nandgaon times feb-10-2.qxd 2/9/2025 10:49 PM Page 2



# मोहारा वार्ड नं 47 के चंहुमुखी विकास के लिए हांडी छाप निर्दलीय प्रत्याशी कीर्ति गुप्ता का 11 बिंदुओं पर आधारित संकल्प पत्र जारी

## मोहारा शराब भट्टी हटाने होगा जन आंदोलन – किर्ति, अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा पार्षद कार्यालय सभी को मिलेगी नि:शुल्क सेवाएं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिका निगम चुनाव में वार्ड पार्षद बनने के लिए भाजपा - कांग्रेस के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में आकर अपना भाग्य आजमा रहें एवं भाजपा-कांग्रेस पार्टियों के उम्मीदवारों के लिए परेशानी बन वार्ड एक नए समीकरण खड़े कर मतदाताओं के बीच में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा रहें हैं इसी कड़ी में हम बात करें मोहारा वार्ड की तो यहां भाजपा से आलोक श्रोती चुनाव मैदान में हैं तो कांग्रेस से अवधेश प्रजापति चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं इस क्षेत्र की पूर्व पार्षद रही शिवकली देवी गुप्ता की बहू व राजेश गुप्ता चंपू की अर्धांगिनी श्रीमती किर्ति गुप्ता के चुनाव के रण में आने से मोहारा वार्ड नं47 का चुनाव रोचक एवं त्रिकोणीय हो गया है।किर्ति गुप्ता अपने कार्यकार्ताओं के साथ मतदाताओं के घर-घर जनसंपर्क कर मिल बैठकर महिलाओं को यह समझाने में सफल हो रही है कि चुनाव चिन्ह हांडी छाप के रूप में खड़ी इस वार्ड में किर्ति गुप्ता क्यों जरूरी है। निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में दमदार उपास्थि करा रही किर्ति गुप्ता ने आज मतदाताओं के बीच वार्ड विजन को लेकर अपना पृथक से 11 बिंदुओं क्षेत्र के चंहुमुखी विकास पर आधारित संकल्प पत्र जारी है श्रीमती किर्ति गुप्ता के अनुसार चुनाव जीतने पर क्षेत्र की जनता के लिए विशेष तौर पर महिलाओं के लिए ज्वंलत समास्या बनी (1)मोहारा भट्टी को हटाने को लेकर जन आंदोलन करने,(2) मोहारा में पेयजल संकट दूर करने सुबह शाम नल खोलने की व्यवस्था। (3) बोरिंग (हैंडपंप) में सबमर्सिबल पंप लगाकर पानी की समास्याओं को खत्म करना।(4) वार्ड में स्थाई पट्टा से वंचित लोगों को पट्टा दिलाने हर संभव प्रयास करने(5) वार्ड में महिला प्रसाधन लघुशंका घर निर्माण- वार्ड में विशेषकर महिलाओं-छात्राओं को लघुशंका के लिए अनेक कठिनाइयों सामना करना पड़ता है इस हेतु विभिन्न स्थानों पर लघुशंका घर निर्माण एवं सफाई की व्यवस्था( 7 ) वार्ड में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण पार्षद कार्यालय की स्थापना कर आय-जाति-निवास प्रमाण



पत्र एवं अन्य आवेदन पत्र भरवाने की नि:शुल्क व्यवस्था।(8) वार्ड के हर वर्ग लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को घर-घर निराश्रित धनराशि दिलवाने की ठोस व्यवस्था ।(9) वार्ड जनदर्शन कार्यक्रम - हर माह के 15 तारीख को वार्ड में समास्याओं का निराकरण करने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक।(10) आदर्श गार्डन बगीचा का स्थापना - हमारे घर में मेहमान(पहुना)सगा संबंधी आतें हैं तो मन में प्रश्न आता है कि उन्हें कहां घुमाने ले जाएं इसके लिए आप सबकी सहमति से आदर्श बगीचे गार्डन का निर्माण जिसमें सभी लोगों के बैठक महिलाओं बच्चों के लिए झूलाघर ,फिसलपट्टी म्यूजिकल फव्वारा स्थापना साथ ही आधुनिक जिम (त्रद्वद्व) की स्थापना।( 11) तीज मिलन समारोह - हर साल महिलाओं के खाश त्योहार के महत्वपूर्ण पर्व पर विभिन्न महिलाओं- बहनों के बीच अनेकों स्पर्धाओं का आयोजन। मोहारा वार्ड नं. 47 से पार्षद पद खड़ी किर्ति गुप्ता ने अंत में कहा है कि आपसे मैं अनुरोध करतीं हूं कि महिलाओं का दर्द मुझे अच्छे से मालूम है चूंकि मैं भी एक महिला हूं आपके बीच में हांडी छाप चुनाव चिन्ह के रुप में किर्ति गुप्ता आपके बीच में है ईवीएम मशीन में मेरा हांडी चुनाव चिन्ह 3 नंबर पर है उस बटन को दबाकर मुझे विजयी श्री दिलाने में अपना बहुमूल्य वोट मुझे प्रदान करें आपको विश्वास दिलाती हूं कि वार्ड की सेवा मेरी सास स्व. श्रीमती शिवकली देवी गुप्ता ने की है, उसी अनुरूप क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए संकल्पित रहूंगी साथ ही उन्होंने महापौर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी की हैसियत से चुनाव लड़ रहे अपने पति राजेश गुप्ता चंपू को चुनाव चिन्ह सीटी छाप के9 नंबर पर बटन दबाकर प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की है।किर्ति गुप्ता ने कहा है कि मोहारा वार्ड नं.47 से जीत के प्रति पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं मुझे क्षेत्र के मतदाताओं भरपूर आशीर्वाद मिलेगा .चूंकि इस बार मोहारा वार्ड में घर-घर परिवर्तन की ही चर्चा है साथ ही मेरे द्वारा जारी संकल्प पत्र का भी आम मतदाताओं को अच्छा खासा प्रभावित कर रहा है।उक्त जानकारी क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक टेकराम सिन्हा ने दी।

# नगरीय निकाय चुनावी दंगल में किसका होगा मंगल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव नगरी निकाय चुनाव अपने पूरे सबाब पर है घमासान दंगल में मंगलवार को होने वाले मतदान में किसका मंगल होगा उसकी चाबी नगर वासियों के हाथ में है डोंगरगांव नगर पंचायत चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है एक तरफकांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा देवी रोशन यदु तो दूसरी तरफ उसी पार्टी के बागी प्रत्याशी पिंकी ललित लोढ़ा चुनाव मैदान में है दोनों काफी मेहनत और कर रहे हैं जनता को प्रभावित करने के लिए पूरे दाम खम लगा रहे हैं व्यापारी वर्ग सहित अन्य लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है नगर के गली-गली घर-घर दस्तक दे रहे हैं पिंकी ललित लोढ़ा को दोनों पार्टी के द्वारा कमजोर आंकना बहुत बड़ी भूल होगी इस प्रचार में भाजपा प्रत्याशी अंजू त्रिपाठी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है किंतु कार्यकर्ता के भावना के अनुरूप नहीं होने से भाजपा कार्यकर्ता का उत्साह ठंडा पड़ गया है भाजपा से ही बागी होकर नगर पंचायत अध्यक्ष की चुनाव लड़ रही सरिता ढीमर भी पूरे जोर-शोर से अपना प्रचार कर रही है उसे निचले टपके के लोगों का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है वैसे तो डोंगरगांव नगर पंचायत क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ रहा है कांग्रेस को मात देने के लिए यदि दमदार रणनीति में के अनुरूप चुनाव नहीं लग रहा है तो उसे मात देना कठिन होगा डोंगरगांव नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है जिसमें कांग्रेस भाजपा प्रत्याशी चुनाव मैदान में जोर आजमाइश कर रहे हैं अनेकों वार्ड ऐसे हैं जिनमें भाजपा एवं कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों ने चुनावी समीकरण को बिगाड़ कर रख दिया है अब यहां बताना उचित होगा कि कांग्रेस एवं भाजपा को अपना ही प्रत्याशी खड़ा करने में भी भारी दिक्कत हुई है जहां कई वार्डों में ऐसे लोगों को टिकट दिया गया है जो कभी किसी पार्टी में सक्रिय नहीं रही है प्रत्याशी का तो होना राजनीतिक पार्टी के दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है अब देखना यह है कि दोनों पार्टी में बागी प्रत्याशी चुनावी मैदान में पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ रहे हैं आने वाले मंगलवार को किसका राजयोग किस चेहरा को ज्यादा पसंद कर रहे नागरिक के मोहर वोट डिब्बा में बंद हो जाएंगे नगर में निर्दलीय प्रत्याशियो का चर्चा जोरो पर है।

# कांग्रेस को नवाज खान के नेतृव पर विश्वास तो भाजपा को आम मतदाता पर विश्वास

## नगरीय निकाय चुनाव प्रचार प्रसार अंतिम दिन, शान से निकली रैली. होटलों में बिकता रहा शराब



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन दोनों प्रमुख पार्टी भाजपा व कांग्रेस जमकर शक्ति प्रदर्शन करते हुए ऊबड़ खाबाड़ सड़को से नगर के 24 वार्डो में रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया गया. भाजपा व कांग्रेस वार्डो के ऊबड़ खाबाड़ सड़को में रैली निकालकर पार्षद व अध्यक्ष पद के दावेदारो को जिताने के लिए जमकर अपील की गई तो दूसरी तरफनिर्दलीय प्रत्याशी के द्वारा भी शक्ति के अनुसार अपने अपने पक्ष में प्रचार प्रसार किया गया. निर्वाचन आयोग के द्वारा 09 फरवरी को रात 10 बजे तक शोरगुल नियमानुसार समाप्त हो जाना था परंतु निर्वाचन आयोग के नियम के विपरीत प्रचार प्रसार किए जाने की बात सामने आई है तो दूसरी तरफकांग्रेस पार्टी के कई कांग्रेसियो के द्वारा यह दावा किया गया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवाज खान के नेतृत्व में अध्यक्ष पद से लेकर पार्षद पदों पर निर्वाचित होकर पुन: नपा प्रशासन में अपनी सरकार बरकरार रखेगा तो दूसरी ओर भाजपा के विभिन्न विभिन्न गुटो के भाजपा नेता चुनाव के आखिरी दिन एकजुटता का परिचय देते हुए अलग अलग गुटो में पहुँचकर स्थानीय माड़वाडी धर्मशाला में पहुँचकर शक्ति प्रदर्शन करते नगर भ्रमण कर भाजपा के नपाध्यक्ष पद व पार्षदों के पक्ष में मतदान करने का जमकर अपील की गई. यह रैली माड़वाडी धर्मशाला से निकालकर खंडूपारा, रेलवे चौक, रेलवे कालोनी, बुधवारी पारा, एक बत्ती पांच रास्ता, बनिया पारा, गोलबाजार, भगतसिंग चौक, थाना चौक, कचहरी चौक, हाईस्कूल चौक, नाका पारा चौक, मुल्तानी पारा, केदारबाड़ी चौक, करबला चौक सहित कालकापारा के सभी वार्डो का भ्रमण करते जयस्तम्भ चौक पहुँचकर रैली की समापन की गई. भाजपा के समस्त प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे तो दूसरी तरफलाल बहादुर नगर नगर पंचायत में भी प्रचार प्रसार के आखिरी दिन प्रदेश महामंत्री



भरत वर्मा व मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे व अध्यक्ष पद के दावेदार देवेंद्र साहू व 15 वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में रैली निकालकर जमकर प्रचार प्रसार किया गया इस दौरान मतदाताओं का उत्साह देखते बन रहा था और आखिरी दिन कांग्रेस के अध्यक्ष पद के दावेदार राजकुमार साहू की उपस्थिती में कांग्रेस के आला नेताओ के द्वारा जमकर शक्ति प्रदर्शन कर प्रचार प्रसार किया गया. अब देखना यह है 11 फरवरी को मतदाता किस पार्टी के पक्ष में मतदान कर किसके माथे पर सेहरा बांधती है इसका खुलासा 15 फरवरी को मतगणना के पश्चात ही हो पायेगा.

# दीपा रामटेके ने पत्र लिखकर अवैध मंदिर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग रखी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कलेक्टर एवं तहसीलदार राजनांदगांव को पत्र प्रेषित करते हुए श्रीमती दीपा रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट निवासी लव हाउस प्रिंस प्लेटिनम मित्र चौक, ममता नगर राजनांदगांव द्वारा कलेक्टर एवं तहसीलदार को गार्डन में अवैध शिव मंदिर निर्माण को रोके जाने बाबत पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से बताया यह की प्रिंसेस प्लेटिनम कॉलोनी में आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक गार्डन में बलपूर्वक अवैध तरीके से शिव मंदिर निर्माण किया जा रहे हैं, यह कि उक्त मंदिर निर्माण से जहां एक और बच्चों के लिए खेल का मैदान नहीं रह पाएगा वहीं सामाजिक एवं धार्मिक भावना आहार होगी. कॉलोनी के नक्शे में मंदिर का कोई प्रावधान नहीं है, किंतु कॉलोनी वासियों के द्वारा बल पूर्वक अवैध तरीके से मंदिर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। मंदिर निर्माण मे ज्यादातर शासकीय कर्मचारी एवं उसके परिवार के लोग शामिल रहे है, हमें मंदिर निर्माण में कोई आपत्ति नहीं है, हमें आपत्ति है तो केवल गार्डन में मंदिर निर्माण से गार्डन को छोड़कर अन्य जगह पर मंदिर निर्माण किया जाए हम भी खुले रूप से सहयोग करने हेतु तैयार है पत्र सौपते हुए कॉलोनी प्रिंसेस प्लेटिनम में हो रहे अवैध शिव मंदिर निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग रखी है।

# प्रचार अभियान के आखिरी दौर में भाजपा महिला मोर्चा ने ताकत झोंकी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व वार्डो में पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने भाजपा महिला मोर्चे की कार्यकर्ताओं ने प्रचार अभियान के आखिरी दौर में पूरी ताकत झोंक दी। सुबह से देर रात तक मोर्चे की कार्यकर्ता घर-घर जाकर आम लोगों से मुलाकात कर रही है, उन्हे भाजपा की महिला हितों की रक्षा करने वाले उठाये गये कदमों की जानकारी दे रही है साथ ही नगरीय निकाय चुनाव के लिये की गई योजनाओं की याद दिला रही है।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री व मोर्चे के प्रचार अभियान के प्रमुख सुश्री पारूल जैन ने बताया कि नगर निगम चुनाव में महिलाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये भाजपा ने अनेक घोषणाएं की है, इन घोषणाओं को ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही



अमलीजामा पहनाया जायेगा। उन्होनें बताया कि महिलाओं के नाम दर्ज संपत्ति पर प्रापर्टी टैक्स में 25 प्रतिशत की बड़ी छूट दी जायेगी। व्यवसायिक क्षेत्रों व बाजारों में खरीदी तथा अन्य कार्य करने आने वाली माता-बहनों के लिये पिंक टॉयलेट की सुविधा दी जायेगी। स्कूल व कॉलेज की छात्र-बहनों के लिये फ्री सेनेटरी पैड की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जायेगी ताकि अनायास आने वाले परेशानी के लिये उन्हे भटकना न पड़े, इसी प्रकार स्व-सहायता समूह के लिये निगम क्षेत्र में बर्तन बैंक की स्थापना की जायेगी ताकि समूह की महिला बहनों की आय में अच्छी खासी बढ़ोत्तरी हो सकें। महतारी वंदन योजना का लाभ उठा रही बहनों को ढाई लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा एवं करोबार प्रारंभ करने के लिये नि:शुल्क प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। विज्ञप्ति के अनुसार महिला मोर्चे की कार्यकर्ताओं ने नगरीय निकाय के लगभग सभी वार्डो में जनसम्पर्क किया।

# दिग्विजय महाविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिक शास्त्र का कोलकाता शैक्षिक भ्रमण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिक शास्त्र के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य ;डॉण् सुचित्रा गुप्ताद्ध के संरक्षण एवं भौतिक शास्त्र विभागद्याक्ष डॉण् पीण् बीण् टांक के मार्ग दर्शन में भौतिक शास्त्र स्नातकोत्तर के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 55 छात्रों द्वारा कोलकाता का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 28ध्01ध्25 से 01ध्02ध्25 तक किया गया । भ्रमण में छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री लेखा प्रसाद उर्वशाए एवं अतिथि व्याख्या डॉ रामकृष्ण देशमुख ने अपनी अहम भूमिका निभाए । हमारी कोलकाता यात्रा एक अविस्मरणीय अनुभव रहाए जहाँ हमने विज्ञानए इतिहासए संस्कृति और प्रकृति के अद्भुत संगम को नजदीक से देखा। इस यात्रा के दौरान हमने साइंस सिटीए गंगासागरए कालीघाट मंदिरए एयरक्राफ्ट म्यूज़ियमए इंडियन म्यूज़ियमए ईको पार्क और विक्टोरिया मेमोरियल का भ्रमण किया। हमारी यात्रा की शुरुआत साइंस सिटी से हुईए जो भारत का सबसे बड़ा विज्ञान केंद्र है। यहाँ हमने डायनासोर गैलरीए 3क् थिएटरए टाइम मशीनए स्पेस ओडिसी और रोबोटिक्स के अद्भुत प्रयोगों को देखा। यह एक रोचक और ज्ञानवर्धक अनुभव थाए विशेष रूप से विज्ञान प्रेमियों के लिए। इसके बाद हमने गंगासागर तीर्थ की यात्रा कीए जो गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्थित है। यह स्थान हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है और यहाँ प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। कोलकाता का प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर माँ काली को समर्पित है और 51 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रहती है और यहाँ की दिव्य ऊर्जा को महसूस करना एक अलौकिक अनुभव था। इसके बाद हमने कोलकाता एयरक्राफ्ट म्यूज़ियम का दौरा कियाए जहाँ हमें भारतीय वायुसेना के विमानों और उनके इतिहास के बारे में जानने का अवसर मिला। यहाँ हमने डपळ.21ए हेलीकॉप्टर और अन्य युद्धक विमानों को नजदीक से देखा। यह संग्रहालय रक्षा प्रेमियों के लिए एक खास स्थान है। भारत का सबसे पुराना और समृद्ध संग्रहालयए इंडियन म्यूज़ियमए अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ हमें प्राचीन ममीए बौद्ध अवशेषए दुर्लभ सिक्केए और ऐतिहासिक मूर्तियों को देखने का अवसर मिला। यह संग्रहालय भारतीय इतिहास और पुरातत्व का अद्भुत खजाना है।

### सप्ताह के सितारे (10 फरवरी 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 8- 9 | 12-21-18-81-28-82 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 0 | 24-42-27-72-47-74 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 5 - 9 | 14-41-15-51-45-54 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 9 - 0

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 01- 32 -95 -65

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 15 - 19 - 10 | (6) 63 - 65 - 69- 60 |
| (2) 23 - 25 - 29 - 20 | (7) 73 - 75 - 79 - 70 |
| (3) 33 - 35 - 39 - 30 | (8) 83 - 85 - 89 - 80 |
| (4) 43 - 45 - 49 - 40 | (9) 93 - 95 - 99 - 90 |
| (5) 53 - 55 - 59 - 50 | (10) 03 - 05 - 09 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 91-69-60-71-85-20 | 16-00-62-04-19 |
| 95-28-11-29-28-18 | 58-32-53-68-27 |
| 47-83-45-80-33-18 | 23-11-16-98-34 |
| 96-25-78-59-30-94 | 47-17-15-19-57 |
| 08-55-04-14-55-51 | 55-79-15-43-08 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

## कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक हुए शामिल







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आज 9 फरवरी को जिला मुख्यालय राजनांदगांव के 16 परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। परीक्षा को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने स्वयं परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव, श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव परीक्षा केन्द्र में पहुंचकर परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री अमीय श्रीवास्तव से सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल सहित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी उपस्थित थे। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री अमीय श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए जिला मुख्यालय में 16 परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा अंतर्गत प्रथम पाली के कुल 6346 परीक्षार्थियों में से 4567 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 1779 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में 4497 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1849 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। श्री अमीय श्रीवास्तव ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, प्रकाश सहित सभी अन्य आवश्यक व्यवस्था की गई थी।

# सामाजिक समरसता समिति ने शहर के समग्र विकास पर चर्चा की

## आयोजन की सफलता से अभिभूत लोगों ने ऐसे आयोजनों की महती आवश्यकता बताया








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामाजिक समरसता आयोजन समिति के संयोजक रूपचंद भीमनानी एवं योगेश बागड़ी ने बताया कि सभी समाजों को साथ लेकर चलने से ही देश का समग्र विकास होगा । इसी परिपाटी को लेकर कल शिवनाथ वाटिका में सामाजिक समरसता समिति द्वारा सामाजिक समरसता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया , जिसमें सभी समाज की प्रमुख विभूतियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

सामाजिक समरसता समिति के प्रेरणास्रोत व संरक्षक पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने इस सम्मेलन की प्रासंगिकता पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि सभी समाज मानवता की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं, देश के निर्माण में समाज की सशक्त भूमिका होती है, एक प्लेटफार्म पर सभी समाजों की उपस्थिती एवं उनके महत्वपूर्ण सुझाव से शहर को व्यवस्थित एवं सुंदर स्वरूप में सजाया जा सकता है । इसी विषय पर चिंतन करने आयोजन में शहर के लगभग 65 से अधिक समाज प्रमुखों एवं 10 संस्थाओं की भागीदारी के साथ शहर विकास के लिए चर्चा की गई । सम्मेलन में शहर की परिकल्पना एवं स्मार्ट सिटी के लिए आवश्यक सुझाव आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉ रमन सिंह, एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, महिला सशक्तिकरण की हस्ताक्षर फूलबासन यादव, चिकित्सा क्षेत्र से पदमश्री पुखराज बाफना, औद्योगिक क्षेत्र से सुनील अग्रवाल, बहादुर अली एवं दामोदरदास मूंदड़ा , आध्यात्मिक क्षेत्र से ब्रह्माकुमारीज संस्था से प्रभा बहन, सेवा के क्षेत्र गायत्री परिवार से जयंती भाई पटेल, एवं संघ परिवार से विष्णु प्रसाद साव ,चिकित्सीय सेवा में विशिष्ट योगदान देने वाले डॉक्टर मोहन अब्राहम विशेष रूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम को सर्वप्रथम डॉ रमन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में राजनीति की कोई बात नहीं होगी, सिर्फ शहर विकास की चर्चा होगी । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज मैं यहां आप सभी का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लेने आया हूं। डॉ रमन सिंह ने कहा कि आज वह यहां बैठकर आपकी बातों को सुनेंगे और उस पर अमल करेंगे तथा शहर विकास के लिए योजनाओं को मिल बैठकर साझा करेंगे। डॉ मोहन अब्राहम व पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना जी ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव में चिकित्सा और शिक्षा की गुणवत्ता बनाने पर जोर देते हुए मेडिकल कॉलेज के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए । ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रभा बहन ने देश को सुखी और संपन्न बनाने के सभी समाजों में पारस्परिक सहयोग व समन्वय से ही प्रेम के साथ सुखी जीवन जीया जा सकता है, डॉ रमन सिंह जैसे सहृदय भाई को अपने साथ पाकर वे आश्वस्त हैं कि राजनांदगांव का समग्र विकास होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विकास का सही अर्थ इतना ही है कि सभी समाज मिलजुल कर एक साथ शहर विकास पर चर्चा कर रहे हैं, यह सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास है । संस्कारधानी की इस कला के वे कायल हो चुके हैं और इस परिपाटी को अपने क्षेत्र कवर्धा में भी लागू करने का संकल्प उन्होंने लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन व संपूर्ण संयोजन संयोजक रूपचंद भीमनानी ने किया,सामाजिक समरसता समिति के आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से,श्री कचरू शर्मा ,श्री अमर लालवानी, श्रीमति रेखा मेश्राम,श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्री अंकित खंडेलवाल,श्री हेतल भोजाणी,सरदार तरणदीप अरोरा,श्री इरफ़ान शेख,श्री पवन पटेल,गेमू कुंजाम,श्री राजेश खाण्डेकर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया ।

## ज्ञान मंथन

*1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?*
*2) हाल ही में किस न्यूरो टेक्नोलॉजी कंपनी ने मानव मस्तिष्क में पहली कंप्यूटर चिप लगाई है?*
*3) भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ है?*
*4) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बलिया में किसने समानांतर सरकार स्थापित की थी?*
*5) उत्तराखण्ड की पहली महिला मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) कच्छ (2) न्यूरालिंक (3) 12 (4) चितू पांडेय (5) राधा रतूड़ी

## दिग्विजय महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में करियर गाइडेंस पर व्याख्यान कराया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालयए राजनाँदगांव के माइक्रोबायोलॉजी विभाग मे अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस आयोजन मे अतिथि व्याख्यानए डॉण् रंजना साहूए सहायक प्राध्यापकए भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा ष् कॅरिअर गायडेंस ष् विषय पर दिया गया। यह आयोजन माननीय प्राचार्याए डॉण् सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन मे किया गया। इस कार्यक्रम मे विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सविता चंद्रवंशी ए प्रगति नोन्हारे अतिथि व्याख्याता ; स्ववित्तीयद्धए विजय कुमार वर्मा अतिथि व्याख्याता ; स्ववित्तीयद्धए श्री एमण् एलण् चंद्रवंशी लैब टेक्नीशियन सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस व्याख्यान के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विषय मे भविष्य निर्माण पर उल्लेखनीय चर्चा की गयी तथा उक्त विषय के कार्यक्षेत्रों जैसे बायोइंफोर्मेटिक्सए मेटाजेनोमिक्सए टेट्रापैकेजिंगए आयुर्वेद विज्ञान तथा पर्यावरण विज्ञान सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे मे बताया गया। यह जानकारी विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बहुत लाभदायक होगी।

## लीजेंड 90 लीग में शिखर के साथ ओपनिंग करना शानदार अनुभवः लेंडल सिमन्स



**रायपुर ।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चल रही लीजेंड 90 लीग में राजस्थान किंग्स के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वेस्टइंडीज़ के पूर्व ओपनर और दिल्ली रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमन्स, शिखर धवन को बढ़िया सहयोगी मानते हैं। वेस्टइंडीज की टी20 विश्व कप विजेता टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे लेंडल ने सत्र का पहला मैच खेलते हुए 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 87 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। उन्होंने धवन के साथ मिलकर 31 गेंदों में 60 रन की साझेदारी निभाई, जिससे दिल्ली रॉयल्स 195 रन का विशालकाय लक्ष्य खड़ा कर पाई। अपनी पारी और धवन के साथ ओपनिंग के सवाल पर सिमंस ने कहा कि, शिखर एक टॉप-क्वालिटी खिलाड़ी हैं और उनके साथ ओपनिंग करना काफी शानदार अनुभव है। मुझे लगता है कि हमारी जोड़ी काफी बढ़िया है। लीग के बारे में बोलते हुए उन्होंने आगे कहा कि, लीजेंड 90 लीग पूर्व खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का एक लाजवाब मंच है और ऐसे दिग्गजों के बीच टीम की जीत का अहम हिस्सा बन पाना वाकई शानदार है। सिमन्स के अलावा एंजेलो पेरेरा ने 24 गेंदों में महत्वपूर्ण 54 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद गेंदबाजी में बिपुल शर्मा की हैट्रिक (3/18) ने राजस्थान किंग्स को 154 रनों पर रोक कर

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर SEC-ER द्वारा Online जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को भी किया गया है मान्य

**रायपुर।** नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक / डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र , आधार कार्ड, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर SEC-ER द्वारा Online जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर SEC-ER द्वारा Online जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। यह पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से मतदाता के द्वारा डाउनलोड की जा सकती है, इसके लिए cgsec.gov.in वेबसाईट में जाकर VOTER SEARCH & PRINT - URBAN एवं से VOTER SEARCH & PRINT - RURAL नामवार Searchकरके अपना मतदान केन्द्र का विवरण देख व print कर सकते हैं।

## दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय में कम्युनिकेशन स्किल पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय मे पीण्एमण् उषा के अंतर्गत पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉण्सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में एवं कार्यशाला की संयोजक मंजरी सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 3 फरवरी से 7 फरवरी 2025 तक श्कम्युनिकेशन स्किल्सश् में किया गयाद्य कार्यशाला के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में हमारे बीच महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं विशेष वक्ता के रूप में शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालयएराजनांदगांव के अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक कुमारी पुन्यप्रदा सिंग उपस्थित थी प्राचार्य द्वारा पुण्य प्रदा के स्वागत के पश्चात अपने उद्बोधन में जीवन के हर पल में संचार कौशल की भूमिका का वर्णन कियाद्य कुमारी पुन्यप्रदा के द्वारा संचार कौशल को विकसित करते हुए बताया कि हर जगह कम्युनिकेशन का महत्व है। कार्यशाला के दूसरे दिन दिनांक 4 फरवरी 2025 को विशेष वक्ता के रूप में बीण् आईण् टीएरायपुर के प्राचार्य डॉक्टर रविशंकर पाणिकर जी हमारे बीच उपस्थित थेए जिन्होंने अपने विषय श्स्पीक टू लर्न लर्न टू स्पीकश् विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं विद्यार्थियों को बताया कि इस आधुनिक और तकनीकी युग में प्रतिदिन अपडेट होते हुए अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कम्युनिकेशन के समय हमें अपनी बॉडी लैंग्वेज पर विशेष ध्यान देना होगा तथा समय प्रबंधन के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत करायाद्य कार्यशाला के तीसरे दिन दिनांक 5 फरवरी 2025 को हमारे बीच विशेष वक्ता के रूप में दिग्विजय महाविद्यालय की अंग्रेजी की प्राध्यापक डॉण् नीलू श्रीवास्तव उपस्थित थी।

# राजनांदगांव के विकास के साथ कांग्रेस ने विश्वासघात किया : संतोष अग्रवाल



### 11 फरवरी के दिन कांग्रेस को सबक सिखाने का आह्वान किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने कहा कि विगत 5 वर्ष पूर्व कांग्रेस सरकार बनते ही तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव वासियों से कहा था कि विकास की उनकी सूची में राजनांदगांव का नाम नहीं है, इसके बाद उन्होंने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में राजनांदगांव के साथ पक्षपात किया और 5 वर्षों तक डॉ रमन सिंह के इस क्षेत्र को विकास से वंचित रखा । श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में विगत 15 वर्षों तक राजनांदगांव में ऐतिहासिक विकास के प्रतिमान स्थापित किए गए थे। प्रत्येक क्षेत्र में विकास के कार्य हुए परंतु कांग्रेस सरकार के आते ही सारी योजनाओं को बंद कर दिया गया। डॉ रमन सिंह की जनहितकारी योजनाओं को ब्रेक लगा दिया गया। शिक्षा हब परियोजना जिसके तहत गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं कोचिंग उपलब्ध कराना था इस हेतु रानी सागर के पास शिक्षा हब की नींव भी रखी गई थी, जिसका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद छात्रों को मुक्त कोचिंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करना था। डॉ रमन सिंह के प्रयासों से छात्रावास पूर्ण हो चुका था, परंतु कांग्रेस महापौर की उदासीनता के कारण पूरा अभियान फेल हो गया। इस योजना को ब्रेक लगा दिया गया ।गरीब छात्रों की इस योजना के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में भी छल कपट किया गया और गरीब झोपड़ी वाले परिवारों की सूची नहीं बनाई गई, और राज्यांश का अंश जमा नहीं किया गया, जिसके कारण लाखों परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो गए । इस तरह कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण रोजगार के साधन भी प्रभावित हुए । बस स्टैंड और म्युनिसिपल स्कूल व अन्य प्रमुख क्षेत्र में दुकानें बनकर तैयार हो गई परंतु दुकानों की नीलामी या आबंटन नहीं होने से बड़े-बड़े व्यावसायिक केंद्र व दुकान खंडहर हो गई । श्री अग्रवाल ने कहा कि रोजगार के इन साधनों को हितग्राहियों को नहीं सौंपा गया। कांग्रेस द्वारा पौनी पसारी योजना के तहत कमला कॉलेज रोड में मिनी सब्जी मंडी का निर्माण किया। लाखों रुपए खर्च करके निर्माण हो गया परंतु आज दिनांक तक यह योजना कागजों में सीमित है। और निर्माण जर्जर होकर समाप्ति की ओर अग्रसर है। इस तरह से कांग्रेस ने सभी को छला। एक और जहां लोगों को इन दुकानों के आबंटन से रोजगार मिलता वहीं निगम की आर्थिक स्थिति भी सुधरती, कांग्रेस की महापौर के कुप्रबंधन के कारण निगम की निगम में सुविधाओं एवं संसाधनों की कमी के अलावा कर्मचारियों को देने हेतु वेतन के लाले पड़ गए। इसलिए राजनांदगांव के विकास के विरोधी ऐसे कांग्रेसी पार्षदों एवं महापौर प्रत्याशी को 11 फरवरी को शत प्रतिशत मतदान कमल फूल में कर कांग्रेस को सबक सिखाने का आव्हान किया।

## धर्म समाचार....

# माघ मास की पूर्णिमा 12 फरवरी को



बुधवार, 12 फरवरी को माघ मास की अंतिम तिथि पूर्णिमा है। धर्म के नजरिए से इस तिथि का महत्व काफी अधिक है। अभी प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज में स्नान के लिए करोड़ों भक्त पहुंचेंगे। माघी पूर्णिमा पर गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा, प्रयागराज में स्नान करने की और पितरों के लिए तर्पण करने की परंपरा है।

**माघ पूर्णिमा से जुड़ी मान्यताएं**

माघी पूर्णिमा पर प्रयाग में श्रद्धालुओं का कल्पवास भी खत्म हो जाएगा। कल्पवास में श्रद्धालु गंगा, संगम आदि पवित्र नदियों के तट पर माघ मास में ठहरते हैं और रोज नदी स्नान, पूजा-पाठ, मंत्र जप करते हैं।

माघ मास में सभी देवी-देवता मनुष्य रूप में प्रयाग के संगम में स्नान करने आते हैं। ऐसी मान्यता है।

माघ पूर्णिमा पर नदी स्नान के साथ ही अपने इष्टदेव की विशेष पूजा करनी चाहिए। इस दिन हवन, व्रत और मंत्र जप भी करना चाहिए। जो लोग नदी स्नान नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। जो लोग नदी स्नान करते हैं, वे नदी के जल से ही सूर्य को अर्घ्य चढ़ाते हैं।माघी पूर्णिमा की दोपहर में पितरों के लिए धूप-ध्यान करना चाहिए। इसके लिए कंडों (उपले) के अंगारों पर पितरों का ध्यान करते हुए गुड़-घी अर्पित किया जाता है। हथेली में जल लेकर अंगूठे की ओर से पितरों को चढ़ाया जाता है। माघी पूर्णिमा पर लोग व्रत करते हैं, इस व्रत में तिल का सेवन करने की और तिल का दान करने का विशेष महत्व है। इस पर्व पर भगवान विष्णु का देवी लक्ष्मी के साथ अभिषेक करना चाहिए। भगवान को तुलसी के पत्तों के साथ मिठाई का भोग लगाएं। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण की कथा पढ़ने-सुनने की भी परंपरा है। हनुमान जी का चोला चढ़वाएं। चोला चढ़वाना यानी हनुमान जी की प्रतिमा का श्रृंगार करवाना। अगर ये संभव न हो तो हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ा सकते हैं। भगवान के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।

## बुध कुंभ राशि में करेंगे गोचर, इन 2 राशियों की लाइफमें आ सकती है समस्या

ज्योतिषियों के अनुसार 11 फरवरी को बुध देव राशि परिवर्तन करने वाले हैं। माघ पूर्णिमा से एक दिन पहले बुध मकर राशि से निकलकर कुंभ राशि में गोचर करेंगे। बुध देव के राशि परिवर्तन करने से कुछ राशियों पर अशुभ प्रभाव पड़ेगा और जातकों को जीवन में कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। सनातन धर्म में ज्योतिष शास्त्र को महत्वपूर्ण माना जाता है। इसमें ग्रह गोचर की घटना के बारे में विस्तार से बताया गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति की कुंडली में बुध ग्रह मजबूत होने पर कारोबार में वृद्धि होती है और मेहनत का पूर्ण फल प्राप्त होता है। साथ ही रुके हुए काम जल्द पूरे होते हैं। वही, कमजोर बुध होने की वजह से व्यक्ति को जीवन में कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में ज्योतिष की सलाह लेनी चाहिए। इससे बुध ग्रह मजबूत होगा। ग्रहों के राजकुमार 11 फरवरी को राशि परिवर्तन करेंगे। इसका अशुभ प्रभाव कुछ राशियों पर पड़ेगा। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि बुध गोचर से किन राशि के जातकों को जीवन में परेशनियों का सामना करना पड़ सकता है।




**कब करेंगे बुध देव राशि परिवर्तन ?**- ज्योतिषियों के अनुसार, बुध देव 11 फरवरी को दोपहर में 12 बजकर 58 मिनट पर कुंभ राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में बुध देव 26 फरवरी तक विराजमान रहेंगे। बुध गोचर के अगले दिन यानी माघ पूर्णिमा के दिन सूर्य देव राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन सूर्य देव कुंभ राशि में गोचर करेंगे।




# शहर विकास के साथ आम लोगों को अनेक सुविधाएं दी जाएगी : मधुसूदन यादव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भारतीय जनता पार्टी महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने अपने प्रचार अभियान के आखिरी दिन वार्डो व मोहल्लों का व्यापक दौरा किया, इस दौरे के साथ श्री यादव अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी हिस्सों में जाकर कार्यकर्ताओं, नागरिकों, आम लोगों से भेंट मुलाकात कर विकास की अपनी योजनाओं को समझाया और बताया कि विश्वसनीयता के साथ विकास की राजनीति उनके सामाजिक जीवन का एक आधार स्तंभ है। वे पहले भी लाखों आम जनता को भरोसा जीत चुके है, इसी भरोसे व विश्वास के साथ फिर से शहर विकास का बीड़ा उठाने का आम लोगों के बीच अपनी बात रख रहे है, जनता उन्हे विश्वास के साथ निर्वाचित करें, उन्होनें विश्वासघात की राजनीति पहले भी न कभी किया है और न ही आगे करेंगे। वे अपने ऊपर व्याप्त भरोसे को बरकरार रखेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल 8 फरवरी को श्री यादव ने वार्ड नं. 44 कौरिन भांठा तथा वार्ड नं. 45 रामकृष्ण नगर वार्ड, सृष्टि कॉलोनी में जनसम्पर्क किया फिर वे पार्टी द्वारा निकाली गई महारैली में शामिल हुये इसके पश्चात वे शाम वार्ड नं. 09 शंकरपुर वार्ड तथा वार्ड नं. 10 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में घर-घर जाकर संपर्क किया। इस दौरान अनेक स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवाओं के लिये महापौर सम्मान निधि से यूपीएससी. मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को एक लाख रूपये की सहायता निधि दी जायेगी ताकि उन्हे यूपीएससी आगे की तैयारी में आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इसी तरह व्यवसायिक केन्द्र की बुरी दशा को तत्काल कार्यवाही कर सुधारा जायेगा, बिजली, सड़क, पेयजल जैसी मौलिक सुविधाएं दी जायेगी। श्री यादव ने जोर देकर कहा कि निगम की सेवाओं का लाभ उठा रहे सभी नागरिकों के लिये यूजर चार्ज (उपभोक्ता शुल्क) का सरलीकरण किया जायेगा। प्रत्येक घरों में कचरा संग्रहण के लिये मुफ्त बाल्टी दी जायेगी, इतना ही नहीं रात्रि में भी साफ-सफाई की व्यवस्था भी होगी तथा कचरा संग्रहण की देख-रेख के लिये आधुनिक प्रणाली को लागू किया जायेगा।

श्री यादव ने आगे कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए मॉय सिटी मोबाईल एप्प लांच किया जायेगा, इसमें नगर निगम की सम्पूर्ण सीमाएं ऑनलाईन रहेगी, इसी के साथ प्रत्येक जोन में एक सेवा केन्द्र की स्थापना की जायेगी, जिससे निगम संबंधी समस्याओं के लिये नागरिकों को निगम के दफ्तर तक न आना पड़े। नल-जल व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात करते हुये कहा कि पीने का पानी संग्रहण के लिये नयी टंकियों का निर्माण होगा। एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुये उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवेदनों का निराकरण तो होगा ही साथ ही बिजली बिल एवं समेकित कर का भुगतान करने वाले नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास बनाने में प्राथमिकता दी जायेगी। श्री यादव ने आम नागरिकों से अपील की कि विकास के नये दौर के लिये एक बार फिर कमल फूल की ट्रिपल इंजन सरकार शहर में स्थापित करें ताकि जनसमस्याओं का समुचित



निदान हो सके एवं शहर का सौन्दर्यीकरण हो सकें। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी सेवक राम उईके, डुरेन्द्र साहू, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव व शिव वर्मा सहित राजेन्द्र जैन बंटू, अजीत जैन, रविन्द्र सिंह, जीवन चतुर्वेदी, संदीप भट्टाचार्य, अरुण राव, सरस्वती यादव, पिंटू वर्मा, चन्द्रभान जंघेल, दीपक चौहान, मनोहर साहू सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निर्दलीय उम्मीदवार राकेश ठाकुर दिया वाले बाबा ने दिखाई ताकत



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम महापौर का चुनाव रोचक होता हुआ दिख रहा है भाजपा कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियों के बीच चुनाव मैदान में राजनादगांव में दिया वाले बाबा के नाम से मशहूर राकेश ठाकुर ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक दी है। बांसुरी चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में उतरे राकेश ठाकुर का चुनाव प्रचार काफी जीरो पर है आज प्रचार के आखरी दिन उन्होंने एक बड़ी रैली निकाल कर चुनाव मैदान में अपना शक्ति परीक्षण दिखाया ।उनकी रैली में बड़ी तादाद में उनके समर्थक मौजूद रहे ।बगैर डी जे धूमल का शोर मचाए शांति से शहर की सड़कों गलियों में लोगो से वोट अपील करते राकेश ठाकुर अपना ध्यान आकर्षित करते रहे ।पेशे से सेल्स टेक्स इनकम टैक्स अधिवक्ता राकेश ठाकुर शहर विकास के एक विजन को लेकर चुनाव मैदान में उतरे है उनका कहना है कि बीते तीस सालों से वे सेल्स टेक्स इनकम टैक्स अधिवक्ता के रूप में काम कर रहे है उनके पास नगर विकास के लिए किस तरह से वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जा सकते है शासन से मिले फंड का किस तरह से सही तरीके से उपयोग किया जा सकता है इसका पूरा रोड मैप उनके पास है।

## कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी की जबरदस्त जनआशीर्वाद रैली

### कार्यकर्ताओं में उत्साह,महिलाओं,युवाओं का उमड़ा हुजूम, जनआशीर्वाद यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज शहर जिला कांग्रेस के तत्वाधान में महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी की जन आशीर्वाद यात्रा निकली। पूरे यात्रा में कांग्रेसजन हाथ जोड़कर पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील कर रहे थे,और कांग्रेस का झंडा लेकर और उत्साहपूर्वक कांग्रेस के पक्ष में नारा लगाकर समर्थन मांग रहे थे। कांग्रेसजनों द्वारा प्रत्याशी का तथा कांग्रेस घोषणापत्र,नकली मतपत्र,पम्पलेट का वितरण किया ।प्रत्याशी निखिल द्विवेदी जीप से हाथ जोड़कर,पैदल चलकर लोगों से मेलमिलाप करते हुए अपने और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष कांग्रेस को वोट देने की अपील की। इस यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसजन ,महिलाएं और युवाओं का जोश देखते ही बनता था। इस जनआशीर्वाद यात्रा में घोड़े, डीजे,धूमाल,और छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी साथ में चल रहे थे। यात्रा कांग्रेस भवन से मानव मंदिर,आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन,शनि मंदिर रोड,कामठी लाइन,भारत माता चौक,तिरंगा चौक,रामाधीन मार्ग,अग्रसेन



भवन,काली माई मंदिर,गंज चौक होते हुए,भारत माता चौक,सदर बाजार,बसंतपुर थाना के सामने से दुर्गा चौक होते हुए,ब्राह्मण पारा,गांधी चौक ,जयस्तंभ चौक,कांग्रेस भवन में समाप्त हुई ।पूरे यात्रा में महिलाओं द्वारा प्रत्याशी निखिल द्विवेदी का तिलक लगाकर,आरती उतारकर,माला पहनाकर सम्मान किया तथा बड़े बुजुर्गों द्वारा आशीर्वाद दिया गया। इस भव्य जनआशीर्वाद यात्रा में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन,कार्यवाहक शहर अध्यक्ष रमेश डाकलिया,हेमा देशमुख धनेश पाटीला दिनेश शर्मा( मतदान अभिकर्ता) जितेंद्र मुदलियार, नरेश डाकलिया पंकज बांधव सुदेश देशमुख शारदा तिवारी श्रीकिशन खंडेलवाल कुतुबुद्दीन सोलंकी बृजेश शर्मा शाहिद भाई डॉ आफ्ताब आलम मेहुल मारू पदम कोठारी रईस अहमद शकील अमित चंद्रवंशी आसिफ अली सूर्यकांत जैन विवेक वासनिक नरेश शर्मा योगेन्द्र प्रताप सिंह रूबी गरचा झम्मन देवांगन नारायण कन्नौज पंकज बांधव बबलू कसार फिरोज अंसारी मामराज अग्रवाल मानव देशमुख शरद खंडेलवाल नीरज कन्नौजे डॉ गंभीर कोटड़िया इकरामुद्दीन सोलंकी चंद्रभान बाजपेई अभिमन्यु मिश्रा ,मोहम्मद इब्राहिम मुन्ना, चेतन भानुशाली राजिक सोलंकी अमित खंडेलवाल माया शर्मा जलालुद्दीन निर्वाण रज्जू जॉन वीरेंद्र चौहान शुभम शुक्ला विप्लव शर्मा कुबेर वैष्णव संदीप जायसवाल राहुल देवांगन शैलेश रामटेके विजय अग्निहोत्री प्रवीण मेश्राम विनय झा गणेश पावर शरद पटेल ऋषि शास्त्री जितेंद्र शर्मा प्रज्ञा गुप्ता भोला यादव तारेंद्र अहिरवार हेमू सोनी जयनारायण सिंह राजेश चौहान प्रतिमा बंजारे विशु आजमानी संदीप सोनी मुस्तफा जोया नासिर खान संजय साहू विवेक बहादुर सिंह दिगंत अवस्थी सूरज शर्मा कादिर बडगूजर रईस अहमद गोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन इस रैली में उपस्थित थे।

## वार्ड 11 में निकली जनमत रैली, झाड़ू वाले पार्षद प्रत्याशी के लिए समर्थकों ने मांगा वोट

### प्रत्याशी राजेंद्र बबलू सोनी ने कहा - इन्हीं गली-मोहल्ले में झाड़ू लगाते हुए पला, अब जनता से साथ की उम्मीद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम राजनांदगांव के वार्ड क्रं. 11 राजेंद्र प्रसाद वार्ड से आप पार्टी के पार्षद उम्मीदवार राजेंद्र बबलू सोनी के समर्थकों ने रविवार को जनमत रैली निकाली। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी राजेंद्र बबलू सोनी और बड़ी संख्या में मौजूद उनके समर्थक चुनावी निशान झाड़ू हाथ में लेकर निकले।

पार्षद उम्मीदवार ने वार्ड की सड़क पर झाड़ू लगाई और वार्ड की जनता का अभिवादन किया। पार्षद प्रत्याशी राजेंद्र बबलू सोनी ने कहा, गरीबी के दिनों में जर्जर स्कूल में पढ़ा, पढ़ाई छूटी तो इन्हीं गलियों में सफाईकर्मी के तौर पर काम करते हुए झाड़ू लगाया। मेरी परवरिश मानव सेवा के बीच हुई। मैं तब भी जनता की सेवा कर रहा था और आज भी मेरा ध्येय यही है। उन्होंने कहा कि, इस शहर में मेरी शुरुआत झाड़ू से हुई और आज यही झाड़ू मेरा चुनाव चिह्न बनकर एक बार फिर मेरे साथ जुड़ गया है। झाड़ू छाप चुनाव चिह्न से वार्ड क्रं. 11, राजेंद्र प्रसाद वार्ड में पार्षद पद के उम्मीदवार राजेंद्र बबलू सोनी की लोगों के बीच पहचान भाई राजा के तौर पर बनी हुई है। वे वार्ड में पिछले 21 सालों से सक्रिय हैं। उन्होंने सफाई मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रहते हुए सफाईकर्मियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। राजेंद्र बबलू सोनी ने वार्ड की जनता से कई महत्वपूर्ण वायदे किए हैं। राजेंद्र बबलू सोनी ने अपने वायदों में दावा किया है कि वे झुग्गी झोपड़ी में रह रहे परिवारों को पीएम आवास का लाभ



दिलाएंगे, जो कि अब तक कांग्रेस-भाजपा के राज में उनसे छिना गया है। इसके अलावा नौनिहालों के जर्जर स्कूलों का नवीनीकरण और हाईटेक स्कूल के तौर पर उसे अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने बुजुर्गों के लिए हर पखवाड़े स्वास्थ्य कैंप, अस्पताल जाने के लिए वाहन की व्यवस्था का वायदा भी किया है। वार्ड को विकास से जोड़ने सड़कों की मरम्मत-डामरी करण, सीसी रोड निर्माण, नालियों के लिए व्यवस्था दुरुस्त करने की बात उन्होंने कही है। उन्होंने कहा कि वे प्रयास करेंगे कि वार्ड में एक क्लब हाउस का निर्माण किया जाए। इसके अलावा वार्ड के चौक-चौराहों में सीसीटीवी लगाने, राशन कार्ड और दूसरे जरुरी दस्तावेज बनाने के लिए वार्ड में सातों दिन काम करने वाले कार्यालय और हेल्प डेस्क सेंटर की स्थापना की बात उन्होंने कही है। वार्ड के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने टॉपर्स को सम्मान और आर्थिक सहायता, निःशुल्क कोचिंग और 12 वर्ष तक के बच्चों की वार्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन का भी दावा उन्होंने किया है। युवाओं के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले युवाओं के लिए विशेषज्ञों की कोचिंग व्यवस्था और प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध करवाने की बात कही है। ऐसे ही युवकों और युवतियों के लिए उन्होंने एसी जिम स्थापना का भी वायदा किया है। वार्ड क्रं. 11, राजेंद्र प्रसाद वार्ड के प्रत्याशी राजेंद्र बबलू सोनी के वार्ड के लोगों से किए गए वायदों ने भी जनता का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी घोषणाओं के सामने कांग्रेस - भाजपा के दावे फीके साबित हो रहे हैं। घर-घर पहुंचकर राजेंद्र बबलू सोनी ने समर्थन मांगा है। वे वार्ड की जनता के बीच अपनी बातें रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि, मेरा संघर्ष लोगों ने करीब से देखा है। पूरा यकीन है कि, इस चुनाव में जनता मेरा साथ देगी।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com